न्यायालय– अवर न्यायाधीश तृतीय, नरकटियागंज, पश्चिम चम्पारण

स्वत्व वाद संख्या :– 358/2019
CIS No. :– TS/358/2019
CNR :– BRWC22–000528–2019

शेख अब्दुल कादिर बनाम् **नासीर अहसन एवं अन्य**

दिनांक	आदेश फलक	अभियुक्ति
02.02.2022	अभिलेख पेश हुई। पुकार करायी गयी। पुकार पर वादी द्वारा विद्वान अधिवक्ता उपस्थित। प्रतिवादीगण अनुपस्थित। वादी के विद्वान अधिवक्ता ने मौखिक निवेदन किया कि अनुपस्थित प्रतिवादीगण संख्या 1–नासीर अहसन, 2–एलाउद्दीन, 3–मो० सलाउद्दीन एवं 4–मुसतरी बेगम को अभिलेख पर उपस्थिति के लिए समाचार पत्र (हिन्दुस्तान) में नोटिस/सम्मन प्रकाशित कराये गये है। वादीगण द्वारा अनुपस्थित प्रतिवादीगण पर नोटिस/सम्मन का तामिला जरिये प्रकाशन माने जाने हेतु बल दिया गया। सुना एवं अभिलेख का अवलोकन किया। अभिलेख के अवलोकन से विदित है कि वादीगण द्वारा न्यायालय के आदेशानुसार प्रतिवादीगण संख्या 1–नासीर अहसन, 2–एलाउद्दीन, 3–मो० सलाउद्दीन एवं 4–मुसतरी बेगम पर जरिये प्रकाशन पैरवी की गयी। प्रतिवादी संख्या–1 नासीर अहसन दिनांक 23.03.2021 को अभिलेख पर उपस्थित आ चुके हैं। परन्तु प्रतिवादीगण संख्या 2–एलाउद्दीन, 3–मो० सलाउद्दीन एवं 4–मुसतरी बेगम की ओर से आज भी कोई उपस्थित नहीं है। समाचार पत्र प्रकाशन के रूप में अभिलेख पर छपकर उपलब्ध है। अत: जरिये प्रकाशन प्रतिवादीगण संख्या 2–एलाउद्दीन, 3–मो० सलाउद्दीन एवं 4–मुसतरी बेगम पर नोटिस/सम्मन की तामिला पर्याप्त मानी जाती है। प्रतिवादी संख्या–1 नासीर अहसन को बयान तहरीरी दाखिल करने के लिए अंतिम अवसर प्रदान किया जाता है। अभिलेख वास्ते प्रतिवादीगण संख्या 2–एलाउद्दीन, 3–मो० सलाउद्दीन	

न्यायालय— अवर न्यायाधीश तृतीय, नरकटियागंज, पश्चिम चम्पारण

स्वत्व वाद संख्या :— 358/2019
CIS No. :— TS/358/2019
CNR :— BRWC22–000528–2019

शेख अब्दुल कादिर बनाम् **नासीर अहसन एवं अन्य**

लगातार **02.02.2022**	एवं 4—मुसतरी बेगम की उपस्थिति/प्रतिवादी संख्या—1 नासीर अहसन के बयान तहरीरी/अग्रिम कार्यवाही हेतु दिनांक 09.03.2022 को पेश हो। अवर न्यायाधीश तृतीय न्याय कक्ष—4 नरकटियागंज।	